an>

Title: Regarding land acquired for Delhi-Mumbai Industrial Corridor.

**डॉ. करण सिंह यादव (अलवर):** माननीय अध्यक्ष महोदया, राजस्थान के अलवर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 पर स्थित शाहजहांपुर के आस-पास के 10 गांवों की भूमि दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर हेतु अधिग्रहीत की गई थी। हाल ही में इस योजना में एक करोड़ रुपये प्रति बीघा की दर वाले शाहजहांपुर, गूगलकोटा, चौबारा, जौनायचा खुर्द व बावद को इसलिए अधिग्रहण से मुक्त किया गया क्योंकि यहां सरकार को किसानों को अधिक मुआवजा देना पड़ता था।

लेकिन इन्हीं गांवों से सटे हुए, उन्हीं की सीमा से जुड़े हुए ग्राम पलावा, बीरोद, मिर्जापुर, लामचपुर, एवं मानका गांवों की भूमि की जमीन बहुत कम दर पर, दस लाख रुपये प्रति बीघा की दर पर अधिग्रहीत की जा रही है।

इन गांवों की जमीन भी उतनी ही उपजाऊ है, जितनी पूर्ववर्ती गांवों की थी। हरियाणा की सीमा से सटे एनसीआर के इन पांचों गांवों के किसानों की मांग है कि इन गांवों को या तो अधिग्रहण से मुक्त किया जाए या मुआवजा राशि की दर इन गरीब किसानों को उतनी ही दी जाए, जितनी पड़ोस के गांवों के लिए उन्होंने रखी थी। सरकार से अनुरोध है कि पलावा, बीरोद, मिर्जापुर, लामचपुर एवं मानका के किसानों की जायज़ मांगों पर सहानुभूति से विचार करें।

महोदया, यहां जो गांव अपनी भूमि देना चाहते हैं, उसको सरकार लेना नहीं चाहती है और जो नहीं देना चाहते हैं, उनकी जमीन सस्ते दामों पर लेना चाहती है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि सरकार इस पर पुनर्विचार करें।